स्वाध्याय

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(1) चिड़िया खुशी के गीत कब गाती है?

उत्तर : चिड़ियाँ बहुत सबेरे खुशी के गीत गाती हैं।

(2) सुबह होने पर प्रकृति में कैसे बदलाव आते है?

उत्तर : सुबह होने पर आकाश में तारे छिप जाते हैं। रात का अँधेरा दूर होने लगता है। पूर्व दिशा में सूर्योदय के पहले लाली छा जाती है। पंछी चहचहाने लगते हैं। कलियां खिलने लगती है। फूलों की सुगंध हवा में फैलने लगती है। इस प्रकार सोई हुई प्रकृति जाग उठती है और वातावरण में ताजगी का अनुभव होता है।

(3) पृथ्वी पर हरियाली कब छा जाती है?

उत्तर : वर्षा ऋतु में धरती को पानी मिलता है। वीरान पड़ी धरती पर घास उगती है। सूखे पौधे हरे हो उठते हैं। पेड़ों को नया जोवन मिलता है। उनके हरे पत्तों की शोभा बढ़ती है। इस प्रकार वर्षा ऋतु में पृथ्वी पर हरियाली छा जाती है।

(4) हरियाली कहां-कहां दिखाई देती है?

उत्तर : वर्षा ऋतु आने पर मैदान में हरी घास उग आती है खेतों में हरी फसलें लहलहाती हैं। हरे-भरे पेड़-पौधे झूम उठते हैं। बागों और जंगलों में भी हरियाली की बहार छा जाती है। सूखे पर्वत हरे हो जाते हैं। इस प्रकार वर्षाऋतु में धरती पर जहाँ देखो वहाँ हरियाली दिखाई देती है।

प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का भावार्थ लिखिए :

(1) कलियाँ दरवाजे खोल-खोल

जब दुनिया पर मुसकाती हैं।

उत्तर : सुबह होने पर कलियाँ भी जैसे नींद से जाग उठती हैं उनकी बंद पंखुड़ियाँ खुलने लगती हैं। वे मानो सोने वालों पर मुसकाती हैं और कहती हैं कि हमारी तरह तुम भी हंसो-मुस्काओ। आलस और उदासी को दूर भगाकर काम में लग जाओ।

(2) जब छम-छम बूंदें गिरती हैं,

बिजली चम-चमकर जाती है।

उत्तर : वर्षा ऋतु में बादल बरसने लगते हैं। तब पानी की बूंदे छम-छम की आवाज करती हैं। ऐसा लगता है जैसे वे नृत्य कर रही हों। उस समय बिजली भी चमकती है। ऐसा लगता है जैसे बूंदों का नृत्य देखकर आकाश का चेहरा खुशी से चमक उठता है।

प्रश्न 3. उदाहरण के अनुसार निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द कोष्ठक में से ढूंढकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:

(1) सुबह (2) खुशी (3) खुशबू (4) बहुत (5) मुसकाना

उदा., सुबह - प्रातःकाल

वाक्य : प्रात:काल दिवाली में पूजा होती है।

उत्तर : (1) खुशी - आनंद

वाक्य : आज सैर में बड़ा आनंद आया।

(2) खुशबू - सुगंध

वाक्य : मुझे गुलाब की सुगंध अच्छी लगती है।

(3) बहुत - ज्यादा

वाक्य : आज ठंड ज्यादा है।

(4) मुसकाना - हँसना

वाक्य : जो कि को देखकर हंसना आता है।

प्रश्न 4. इन यात्रियों को शब्दकोश के क्रम के आधार पर अपने-अपने डिब्बे में बताइए:

उत्तर: